प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस,

# कार्यालय प्राचार्य, शासकीय स्नातकोत्तर (स्वशासी) महाविद्यालय, दतिया (म.प्र.)

*(उच्चशिक्षा विभाग म.प्र.शासन द्वारा मान्य उत्कृष्ट संस्थान एवं नैक द्वारा पुनः प्रत्यायित ग्रेड – बी)*

Email:-hegpgcdat@mp.gov.in
Website:- www.govtpgcdatia.ac.in

क्रमांक / स्वशासी स्टोर / 2025 / 720

दतिया, दिनांक 23.06.2025

## रद्दी विक्रय हेतु निविदा (टेण्डर)

शासकीय स्नातकोत्तर (स्वशासी) महाविद्यालय, दतिया में वर्ष भर विभिन्न प्रकार की रद्दी क्रेताओं से निम्न प्रकार की रद्दी क्रय हेतु वार्षिक दर पर अधिकृत एवं अनुभवी फर्मों से विज्ञप्ति जारी दिनांक से 21 दिवस तक निविदा आमंत्रित की जाती है विवरण निम्नानुसार है –

(1) लिखित व कोरी उत्तरपुस्तिकाऐं।

(2) अनुपयुक्त प्रश्नपत्र लिफाफे सहित।

(3) अन्य कार्यालयीन रिकॉर्ड।

(4) समाचार–पत्र / पत्रिकाऐं।

(5) विभिन्न प्रकार के प्रोजेक्ट रजिस्टर / फाईल्स / प्रेक्टिकल फाइल्स आदि।

(6) कचरा रद्दी एवं अन्य ।

| क्रं. | कार्य का विवरण | कार्य का अनुमानित मूल्य रु. | धरोहर राशि रु. | निविदा प्रपत्र की कीमत रु. |
|---|---|---|---|---|
| 01 | रद्दी विक्रय हेतु | 3:00 लाख | 20,000 / – | 1000 / – (वापिसी योग्य नहीं) |

निविदा प्रपत्र एवं निविदा की समस्त शर्तों का अवलोकन महाविद्यालय की वेबसाइट www.govtpgcdatia.ac.in पर एवं महाविद्यालय सूचना पटल पर किया जा सकता है।

(1) निविदा (टेण्डर) महाविद्यालय से कार्यालयीन समय में प्राप्त किया जा सकता है।

(2) निविदा (टेण्डर) जमा करने की अंतिम दिनांक **15.07.2025** तक सायं 5 बजे

(3) निविदा (टेण्डर) खोलने का समय एवं दिनांक **17.07.2025** को 1 बजे तक

**(4) निविदा (टेण्डर) की सम्पूर्ण जानकारी, शर्तें एवं समस्त संशोधन केवल उपरोक्त दर्शाई गई महाविद्यालय की वेबसाइड www.govtpgcdatia.ac.in पर देखी जा सकती है।**

(5) किसी भी कार्य की निविदा (टेण्डर) स्वीकृत / अस्वीकृत / निरस्तीकरण या संशोधन का अधिकार प्राचार्य को है।

23/6/025
Controllr Of Exam.
Govt. P.G. (Auto) College
Datia (M.P.)

23/6/25
प्राचार्य
PRINCIPAL
Govt. P.G. College
शासकीय स्नातकोत्तर (स्वशासी)
महाविद्यालय, दतिया (म.प्र.)

Scanned with OKEN Scanner

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस,

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय स्नातकोत्तर (स्वशासी) महाविद्यालय, दतिया (म.प्र.)

*(उच्चशिक्षा विभाग म.प्र.शासन द्वारा मान्य उत्कृष्ट संस्थान एवं नैक द्वारा पुनः प्रत्यायित ग्रेड – बी)*

Email:-hegpgcdat@mp.gov.in Website:- www.govtpgcdatia.ac.in

क्रमांक/स्टोर/2025/720 दतिया, दिनांक 23.06.2025

## रद्दी विक्रय हेतु निविदा (टेण्डर)

### निविदा की सामान्य शर्तें

(1) महाविद्यालय द्वारा रद्दी क्रेताओं से निम्न प्रकार की रद्दी क्रय हेतु निविदाऐं आमंत्रित करती है।

(i) लिखित व कोरी उत्तरपुस्तिकाऐं

(ii) अनुपयुक्त प्रश्नपत्र लिफाफे सहित

(iii) अन्य कार्यालयीन रिकॉर्ड

(iv) समाचार–पत्र/पत्रिकाऐं

(v) विभिन्न प्रकार के प्रोजेक्ट रजिस्टर/फाईल्स/प्रेक्टिकल फाइल्स

(vi) कचरा रद्दी एवं अन्य ।

इच्छुक निविदाकर्ता समस्त प्रकार की रद्दी का अवलोकन कार्यालयीन दिवस एवं समय में कर सकते हैं एवं आवश्यक जानकारी स्टोर विभाग से प्राप्त कर सकते हैं।

(2) निविदाकार लिफाफे में केवल **स्पीड पोस्ट/कॉरियर एवं महाविद्यालय में उपस्थित होकर** निर्धारित समय अवधि में जमा कर सकते हैं।

(3) पूरी तरह भरे हुए निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि **15.07.2025 समय 05** बजे तक अनिवार्यतः प्राप्त हो जाने चाहिए। प्राप्त निविदाऐं दिनांक **16.07.2025 को समय 01** बजे तक महाविद्यालय क्रय समिति तथा उपस्थित निविदाकर्ताओं के समक्ष खोली जायेंगी। निविदाऐं को खोलते समय निविदाकर्ता भी उपस्थित रह सकते हैं।

निविदा के साथ डीडी (ड्राफ्ट) प्राचार्य शासकीय स्नातकोत्तर (स्वशासी) महाविद्यालय, दतिया के नाम से जमा रुपये 20,000/– (बीस हजार मात्र) की धरोहर राशि की रसीद अनिवार्य रूप से संलग्न करें। निविदा प्रपत्र का मूल्य 1000/– होगा जिसकी रसीद संलग्न की जानी होगी।

(4) निविदाकर्ता की फर्म का वित्तीय वर्ष 2022–23, 2023–24, 2024–25 में औसत वार्षिक टर्न ओवर कम से कम 30 लाख का होना चाहिए। इस हेतु चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट द्वारा जारी टर्न ओवर प्रमाणपत्र पर अनिवार्यता संलग्न किया जावे।

(5) <u>निविदाकर्ता की शर्तें में निम्नानुसार अभिलेख संलग्न किये जायेगे –</u>

(i) निविदा की सामान्य शर्तो के प्रपत्र ए, बी एवं घोषणा–पत्र तथा अनुबंध–पत्र प्रत्येक पृष्ठ पर हस्ताक्षर एवं सील सहित भरा हुआ एवं हस्ताक्षर व सील सहित होना चाहिए।

(ii) फर्म के शॉप एवं एस्टेब्लिशमेन्ट एक्ट के अन्तर्गत पंजीयन के प्रमाणपत्र।

(iii) जी.एस.टी. विभाग में जी.एस.टी. का जीवित पंजीयन प्रमाणपत्र।

(iv) आयकर परमानेन्ट एकाउन्ट नं. की स्वहस्ताक्षरित प्रति।

(v) पिछले तीन आयकर निर्धारण वर्ष 2022–23, 2023–24,2024–25में इन्कम टेक्स रिटर्न की प्रति।

(vi) संस्था के मालिक का नाम पता प्रमाण सहित, (भागीदारी फर्म हो तो भागीदारों के नाम एवं पता कंपनी हो तो संचालकों के नाम एवं पता)

(vi) संस्था यह प्रमाणपत्र भी संलग्न करे कि किसी भी शासकीय कार्यालय द्वारा उनकी फर्म का नाम काली सूची (ब्लेक लिस्ट) में नहीं डाला गया है।

Scanned with OKEN Scanner

नोट :–

(6) फायनेंसियल/कॉमर्शियल (टेण्डर) में निविदाकर्ता द्वारा समस्त प्रकार की रद्दी जो महाविद्यालय द्वारा विक्रय किये जाना है की नेट दर में अंकित की जावेगी। अंकित की गई दरों में कॉमर्शियल लोडिंग वाहन किराया लेवर एवं भाड़े आदि सहित अन्य सम्मिलित करते हुए दर अंकित की जायेगी। शब्दों व अंको एवं कर (यदि कोई हो) में अंकित की जावेगी। यदि शब्दों व अंको की राशि में भिन्नता पाई जाती है तो जो दोनों में अधिक राशि होगी वह मान्य होगी।

(7) टेण्डर केवल उन निविदाकर्ताओं का खोला जायेगा जो कि टेण्डर में निविदा की शर्तो के अनुरूप तकनीकि रूप से योग्य पाये जायेंगे।

(8) निविदाकर्ताओं द्वारा प्रस्तुत दरें अनुबंध उपरांत 01 वर्ष तक वैध रहेगी। निविदाकर्ता को आदेश जारी होने के उपरांत प्रथम किश्त के रूप में 50 हजार तत्काल जमा कर रददी उठाने की कार्यवाही प्रारंभ करना होगी।

(9) रद्दी सफल निविदाकर्ता द्वारा बोरों में भरकर महाविद्यालय परिसर से उठाना होगी। इस संबंध में टैक्स व अन्य प्रकार के व्यय निविदाकर्ता द्वारा वहन किये जायेंगे।

(10) रददी उठाने का निर्धारित समय प्रातः 11 बजे से सायं 4 बजे तक रहेगा। रददी उठाने से पहले **अनुमानित आंकलन अनुसार राशि** महाविद्यालय में जमा करनी होगी।

(11) समय–समय पर रद्दी उठाने के उपरांत समिति के समक्ष धर्मकांटा से बजन कराने के उपरांत प्राप्त रसीद पर **समिति के सदस्यों के हस्ताक्षर कराने के उपरांत रसीद व जमा राशि की रसीद महाविद्यालय** को सुपुर्द करना होगा।

(12) सफल निविदाकर्ता को महाविद्यालय द्वारा निर्धारित किये गये समय पर प्राचार्य, शासकीय स्नातकोत्तर (स्वशासी) महाविद्यालय, दतिया के साथ अनुबंध करना होगा। यदि सफल निविदाकर्ता निर्धारित समय में अनुबंध नहीं करता है अथवा अनुबंध करने के बाद भी कार्य सम्पादान में बिलम्ब करता है तो उसकी धरोहर राशि जप्त की जा सकती है।

(13) सफल निविदकर्ता द्वारा कार्य की सबलेटिंग करना अथवा तीसरी पार्टी कार्य कराया जाना प्रतिबंधित है यदि निविदाकर्ता द्वारा उसका उल्लंघन किया जाता हे तो प्राचार्य, शासकीय स्नातकोत्तर (स्वशासी) महाविद्यालय, दतिया अन्य फर्म से कार्य कराने को स्वतंत्र होंगे एवं ऐसी स्थिति में महाविद्यालय को होने वाली आर्थिक हानि की भरपाई निविदाकर्ता को करनी होगी।

(14) उपरोक्तानुसार विभिन्न प्रकार के रद्दी विक्रय करने की दरें प्रति क्विंटल के अनुसार समस्त कर सहित (यदि कोई हो) प्रस्तुत की जाये।

(15) अनुपयोगी उत्तरपुस्तिओं की विभिन्न प्रकार के रददी का विक्रय करके सीधे मील में ले जाकर उसका पेपर बनाया जावेगा और अनुपयोगी उत्तरपुस्तिकाओं की रददी अन्यत्र कहीं उपयोग में नहीं ली जावेगी। इस आशय का लिखित में रुपये 100/– के स्टाम्प पेपर पर अभिवचन–पत्र देना होगा। इसके साथ ही रददी के लिए अनुबंध प्रस्तुत करना होगा तथा माल भरने के तीन दिवस पूर्व देना होगा।

(16) सफल निविदाकर्ता द्वारा क्रय की गई समस्त रददी केवल रिसाइकल करने हेतु सीधे पेपर मिल को बेची जायेगी एवं किसी भी दशा में रद्दी खुले बाजार में विक्री न की जायेगी ऐसा करने या पाये जाने की स्थिति में सफल निविदाकर्ता के खिलाफ **वैधानिक कार्यवाही** की जा सकेगी।

पेपर मिल के द्वारा महाविद्यालय की क्रय की गई रददी रिसाइकल करने का प्रमाणपत्र प्राप्त करके सफल निविदाकर्ता द्वारा महाविद्यालय में अनिवार्यतः जमा किया जायेगा। इस प्रमाणपत्र को महाविद्यालय के **स्टोर विभाग** में प्रस्तुत करने पर ही रददी उठवाने की आगामी अनुमति होगी।

(17) विभिन्न प्रकार की रददी का तोल प्राचार्य, शासकीय स्नातकोत्तर (स्वशासी) महाविद्यालय, दतिया के प्रचलित नियमानुसार होगा एवं तौल होने के तत्काल बाद विभिन्न प्रकार की रद्दी की मूल की राशि महाविद्यालय कार्यालय में जमा कराना होगी। जमा राशि की रसीद प्रस्तुत करने पर सामग्री ले जाने हेतु गेट पास प्रदाय किया जायेगा।

(18) विभिन्न प्रकार की रददी के भाव पृथक–पृथक दर्शावे । समस्त प्रकार के रद्दियों की दरें प्रस्तुत करना अनिवार्य है अगर समस्त प्रकार रद्दी की दरें प्रस्तुत नहीं की जाती है तो उस निविदा पर विचार नहीं किया जावेगा।

Scanned with OKEN Scanner

(19) सुरक्षा निधि भावकर्ता/फर्म को उसके द्वारा उठाई गई विभिन्न प्रकार की रद्दी के पैटों की सम्पूर्ण राशि जमा हो जाने के पश्चात वापिस लोटाई जावेगी। इस बावत का फर्म द्वारा लिखित में आवेदन प्राचार्य, शासकीय स्नातकोत्तर (स्वशासी) महाविद्यालय, दतिया को देना होगा।

(20) विभिन्न प्रकार की रद्दी महाविद्यालय के शर्तो पर ही उठाना होगी अन्य कोई शर्त मान्य नहीं होगी जो फर्म महाविद्यालय की शर्तो का पालन कर सके केवल वे ही अपनी निविदाऐं प्रस्तुत करें।

(21) निविदा स्वीकृत दर वाली फर्म को विभिन्न प्रकार की रद्दी का विक्रय आदेश मिलने के 07 दिवस की समयावधि कार्यालयीन दिवसों एवं कार्यालयीन समय में विभिन्न प्रकार की रद्दी महाविद्यालय के समस्त कार्यालय/विभागों से अपने मजदूर लगाकर ट्रक में भरवाकर, ट्रक में रद्दी विक्रय समिति के सदस्यों की उपस्थिति में महाविद्यालय द्वारा निर्धारित तोलकांटे पर तुलवाई करवानी होगी। भरवाई, तुलवाई, उठाने एवं ट्रान्सपोर्टेशन की व्यवस्था संबंधित फर्म द्वारा स्वयं के व्यय से करना होगी। रद्दी श्रेणीकरण या छटाई आदि हेतु महाविद्यालय के परिसर का उपयोग नहीं किया जायेगा। ऐसा करने पर 10,000/— प्रतिदिन की पेनल्टी (शास्ति) लगेगी।

(22) किसी भी निविदा को पूर्ण करने से या उसके किसी हिस्से को बिना कारण बताए स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार प्राचार्य महोदय के पास सुरक्षित रहेगा।

(23) निविदा खोलने के समय संबंधित फर्मों के प्रतिनिधि भी चाहें तो उपस्थित रह सकते हैं।

(24) यदि स्वीकृत दर वाली फर्म निर्धारित अवधि में विभिन्न प्रकार की रद्दी नहीं उठाती है अथवा उठाने से मना करती है तो ऐसी स्थिति में उसकी जमा धरोहर राशि पूर्णतः जप्त (राजसात) कर ली जावेगी साथ ही संबंधित फर्म को आगामी 5 वर्षों के लिए **ब्लेक लिस्टिड** कर दिया जायेगा एवं दूसरे नंबर के निविदाकार को अवसर देकर बकाया हानि की वसूली डिफाल्टर निविदाकर्ता से की जावेगी।

(25) विभिन्न प्रकार की रद्दी का विक्रय निविदा फर्मों की दरों का क्रम प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय रहेगा। मान्य निविदाकर्ता के अनुबंध संपादन उपरांत शेष फर्म की अर्नेस्ट मनी निविदाकर्ता के आवेदन करने पर वापस की जा सकेगी।

(26) महाविद्यालय की विभिन्न प्रकार के रद्दी का विक्रय निविदा हेतु जमा सुरक्षा राशि पर किसी भी प्रकार का ब्याज देय नहीं होगा।

(27) विभिन्न प्रकार की रद्दी का महाविद्यालय परिसर (प्राचार्य/कार्यालय) की अनुमति से खाली वाहन का तौल करने के पश्चात महाविद्यालय से वाहन में भरकर तुलाई जावेगी।

(28) अनुबंध के अनुसार विभिन्न प्रकार के रद्दी से संबंधित सम्पूर्ण सामग्री उठाने के पश्चात जमा सुरक्षा राशि वापिस लेने हेतु प्राचार्य, शासकीय स्नातकोत्तर (स्वशासी) महाविद्यालय, दतिया को लिखित में आवेदन देना होगा। 01 वर्ष की अवधि के समाप्त होने के पश्चात अमानत राशि राजसात (Forfeit) हो जायेगी।

(29) अनुबंध निष्पादित करने वाली फर्म इस निविदा के अन्तर्गत विभिन्न प्रकार की रद्दी क्रय का कार्य उप भाड़े पर नहीं देगा अथवा कार्य या उसका कोई भाग हस्तांतरित/अधिकृत नहीं करेगा और न ही अनुबंध के अधीन किसी को भुगतान हेतु अधिकृत करेगा।

(30) प्राचार्य, शासकीय स्नातकोत्तर(स्वशासी)महाविद्यालय, दतिया को प्राप्त हुई किसी निविदा अथवा समस्त निविदाओं को बिना किसी कारण बताए स्वीकार करने अथवा अस्वीकार करने का अधिकार होगा।

(31) किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में अंतिम निर्णय प्राचार्य, शासकीय स्नातकोत्तर (स्वशासी) महाविद्यालय, दतिया का होगा एवं सभी को बंधनकारी होगा।

(32) न्यायालय विवाद की स्थिति में प्रकरण दतिया न्यायालय के क्षेत्राधिकार में रहेगा।

प्राचार्य
प्राचार्य, शासकीय स्नातकोत्तर
(स्वशासी) महाविद्यालय, दतिया (म.प्र.)

PRINCIPAL
Govt. P.G. College
Datia (M.P.)

मेरे द्वारा उपरोक्त समस्त शर्तों को पढ़ लिया गया है एवं मैं उक्त शर्तों के परिपालन हेतु अपनी सहमति देता हूँ।

निविदाकर्ता के हस्ताक्षर
नाम.........................
सील.........................

Scanned with OKEN Scanner